पंजाब और गुजरात मैच में अय्यर व गिल के बीच होगी कप्तानी की जंग

दोनों टीमों के बीच आंकड़ों की बात की जाए तो टाइटंस का पलड़ा भारी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

गुजरात 24 मार्च : बल्लेबाजों के लिए उच्च स्कोरिंग वाली अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच पर आईपीएल 2025 के उवें मुकाबले में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक भिड़ंत होगी। दोनों टीमों के बीच आंकड़ों की बात की जाए तो हमेशा मुकाबला रोमांचक होता रहा है। वर्ष 2022 से 2024 तक गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच अब तक हुए 5 मुकाबलों में से 4 मैच अंतिम ओवर तक गए हैं इससे यह साबित होता है कि दोनों टीमों के बीच मैच कितना रोमांचक होता है। इन पांच मैचो में गुजरात ने 3 और पंजाब ने 2 मैचों में जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बल्लेबाजों की बात की जाए तो ग्लेन

मैक्सवैल को बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है।

पंजाब की टीम में शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह जैसे उभरते हुए युवा खिलाड़ी हैं, जो हर तीसरी या चौथी गेंद पर कम से कम एक बाउंड्री लगाते हैं। पंजाब के प्रभसिमरन सिंह ने अब तक 10 मैचों में 154.72 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए हैं। इस बार गुजरात को शुभमन गिल और जॉस बटलर के रूप में नई सलामी जोड़ी मिली है और दोनों पावरप्ले के दौरान अच्छा खासा स्कोर बनाने के लिए जाने जाते हैं। सिमरों की बात की जाए तो आईपीएल 2023 से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नबंबर पर युजवेंद्र चहल (39) विकेट और राशिद खान (37) विकेट के साथ तीसरे नंबर आता है।

गुजरात टाइटंस के लिए राशिद खान को कसी हुई गेंदबाजी के लिए जाना जाता है। राशिद मैक्सवैल को अभी तक तीन बार आऊट किया है। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह है, जिनके खिलाफ बटलर और गिल का स्ट्राइक रेट क्रमश: 150 और 126 है। अर्शदीप इन दोनों बल्लेबाजों को टी-20 मैचों में केवल एक बार ही आऊट कर पाए हैं। अर्शदीप भी इस रिकॉर्ड को सुधारना करने मैदान में उतरेंगे।

मुंबई इंडियंस के स्पिनर विगनेश ने पदार्पण मैच में किया प्रभावित

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 मार्च : भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विगनेश पुथुर ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 3 विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गए मैच को 4 विकेट से हार गई, लेकिन केरल के 24 साल के वामहस्त स्पिनर ने अपनी काबिलियत से करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी को भी प्रभावित किया। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है। केरल के इस चाइनामैन गेंदबाज ने अपने कौशल के साथ दृढ़ता और आत्मविश्वास से क्रिकेट की दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पुथुर ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं इन सभी खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा।' भारत के इस पूर्व गेंदबाजी कोच ने कहा, 'वह अपने धैर्य को बनाए रखने और दबाव को शानदार तरीके से संभालने में सक्षम था, उसने वास्तव में हमें मैच में बनाए रखा। उसके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।'

धोनी की 43 साल की उम्र में फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन

सवेरा न्यूज/एजैंसी

चेन्नई, 24 मार्च : महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आऊट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने 5 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को 5 आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं। धोनी ने रविवार को एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जब उन्होंने नूर अहमद की गेंद पर तुरंत गिल्लियां उड़ा दी और सूर्यकुमार को वापस पवलियन भेज दिया। हेडन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के टी20 टाइम आऊट पर कहा, 'वह (धोनी) बहुत आक्रामक थे। उन्होंने गजब की फुर्ती दिखाई। मेरे कहने का मतलब है कि नूर अहमद लेग साइड में गेंदबाजी कर रहा था और ऐसे में स्टंपिंग करना बहुत मुश्किल होता है।'

मैथ्यू हेडन

कोच, कप्तानी को लेकर बीसीबी करेगा बैठक

सवेरा न्यूज/एजैंसी

ढाका, 24 मार्च : बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) सोमवार को तात्कालिक एजैंडे के तहत कोच और टीम के कप्तान सहित कई मुद्दों को लेकर बैठक करेगा। डैली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार वैस्ट इंडीज में 3-0 की सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लिटन दास ने भी दावा किया था कि अगर बीसीबी चाहे तो वह टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। बोर्ड के सूत्रों अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रखे गए लिटन दास का टी-20 कप्तानी को लेकर नाम सबसे आगे चल रहा है। हन्नान सरकार के इस्तीफे के बाद से राष्ट्रीय टीम बिना चयनकर्ता के है। बैठक में इस स्थान को भरने के लिए भी विचार-विमर्श होना है। बीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'कुछ प्रस्ताव रखे जाएंगे और उन पर चर्चा की जाएगी। सज्जाद अहमद प्रस्तावित नामों में से एक माने जा रहा है। बीसीबी ने मुख्य कोच फिल सिमंस के बारे में सकारात्मक रुख अपनाया है हालांकि उनके अनुबंध को बढ़ाने के आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बोर्ड आने वाले दिनों में इस मामले को अंतिम रूप दे सकता है।'

हरमनप्रीत, मंधाना और दीप्ति बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 मार्च : भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराऊंडर जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर ऋचा घोष और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी ग्रेड बी में बनाए रखा गया है लेकिन पिछले साल ग्रेड बी में शामिल बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ अपना अनुबंध बरकरार नहीं रख पाई। युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज

गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराऊंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है।

यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड सी में शामिल किया गया है। जिन खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिल पाई उनमें मेघना सिंह, देविका वैद्य, सब्बीनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देओल शामिल हैं। केंद्रीय अनुबंध में ए श्रेणी में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, बी श्रेणी की क्रिकेटर को 30 लाख और सी श्रेणी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।

अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों की सूची

ग्रेड ए: हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा।

ग्रेड बी: रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शैफाली वर्मा।

ग्रेड सी: यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

कैराबेली को हराकर जोकोविक मियामी ओपन के अंतिम 16 में

सवेरा न्यूज/एजैंसी

फ्लोरिडा, 24 मार्च : सर्बिया के स्टार टैनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक ने अर्जेंटीना के कैमिलो उगो कैराबेली को हराकर मियामी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविक ने अर्जेंटीना के कैराबेली को 6-1, 7-6, (7-1), से हराया। जोकोविक ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते पहला सैट मात्र 34 मिनट में जीत लिया और दूसरे सैट में जल्दी ही ब्रेक ले लिया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने जोकोविक ने टाई-ब्रेक के बाद कैराबेली को 7-1 से हराकर अपनी जीत सुनिश्चित की। जीत के साथ ही जोकोविच एटीपी मास्टर्स

1000 इवैंट्स में 411 जीत के आंकड़े पर पहुंच गए है और वह राफेल नडाल से आगे निकल गए है तथा ऑल-टाइम सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए है। 7वें मियामी ओपन खिताब की तलाश में 37 वर्षीय खिलाड़ी जोकोविक अंतिम 16 में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से भिड़ेंगे। इटली के मुसेट्टी ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

तमीमको हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 मार्च : बंगलादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार मैच रैफरी देबब्रत पॉल ने कहा कि उनका इलाज करने वाले चिकित्सकों ने एक आधिकारिक मैडिकल बुलेटिन में कहा, 'वह गंभीर हालत में हमारे पास आया था। हम इसे दिल का दौरा कह सकते हैं और हम इससे निपटने के लिए 'एंजियोग्राम' और 'एंजियोप्लास्टी' का सहारा लेना पड़ा। चिकित्सा प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। वह फिलहाल निगरानी में हैं।'

कारोबार

सैंसेक्स	77,984 .38 ▲	सोना	90,700
पिछला 76,905 .51	अंतर 1078 .87	चांदी	1,00300
निफ्टी	23,658 .35 ▲		
पिछला 23,350 .40	अंतर 307 .95		

विनिमय दरें

यूरो	92.66	अमरीका	85.60
पाउंड	110.82	$ आस्ट्रेलिया	53.81
		कनाडा	59.70

ऑनलाइन विज्ञापनों पर समानीकरण शुल्क को खत्म करने का रखा प्रस्ताव

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 मार्च : सरकार ने वित्त विधेयक 2025 में 59 संशोधनों के तहत ऑनलाइन विज्ञापनों पर समानीकरण शुल्क या डिजिटल कर को खत्म करने का प्रस्ताव रखा। विधेयक पर लोकसभा में बहस हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार ऑनलाइन विज्ञापनों पर समानीकरण शुल्क को हटाने का प्रस्ताव अमरीका के प्रति एक उदार रुख दिखाने के लिए लाया गया है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2 अप्रैल से भारत पर जवाबी शुल्क लगाने की धमकी दी है। समानीकरण शुल्क 1 जून, 2016 को ऑनलाइन विज्ञापन सेवाओं पर लगाया गया था। इसका मकसद डिजिटल अर्थव्यवस्था से कर का एक उचित हिस्सा सुनिश्चित करना है। वित्त विधेयक-2025 में संशोधन वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी द्वारा लोकसभा में पेश किए गए। डेलॉयट इंडिया के भागीदार अनिल तलरेजा ने कहा कि वित्त विधेयक-2025 में प्रस्तावित संशोधन काफी हद तक स्पष्टीकरण देने वाले हैं। ये करदाताओं और बड़े व्यवसायों के संदेहों और मुद्दों का समाधान करते हैं।

विश्व में तेजी से बढ़ रहा भारतीय शेयर बाजार, बड़े स्टॉक्स मार्कीट्स को पछाड़ा

5 माह की लगातार मंदी के बाद बीते 4 वर्षों में सबसे बड़ी रैली

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 मार्च : दुनिया के 10 सबसे बड़े शेयर बाजारों में मार्च में भारतीय शेयर बाजार ने सबसे अधिक 9.4 प्रतिशत (डॉलर में) का रिटर्न दिया है। ये जानकारी लेटेस्ट एक्सचेंज डाटा से मिली। 5 महीनों की लगातार मंदी के बाद बीते 4 वर्षों में यह सबसे बड़ी रैली है। इसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, घरेलू और विदेशी निवेशकों द्वारा की गई जोरदार खरीदारी और वैश्विक विक्षेपकों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक दृष्टिकोण शामिल हैं। एक्सचेंज डाटा के मुताबिक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार

पूंजीकरण फरवरी के अंत में लगभग 4.39 खरब डॉलर से बढ़कर लगभग 4.8 खरब डॉलर हो गया।

ये मई 2021 के बाद सबसे बड़ा मासिक उछाल है। भारत ने अन्य प्रमुख बाजारों से बेहतर प्रदर्शन किया। भारत के बाद जर्मनी में सबसे अधिक 5.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तेजी के कारण जर्मनी के शेयर बाजार का पूंजीकरण बढ़कर 2.81 अरब डॉलर हो गया है। जापान और हांगकांग के शेयर बाजार में क्रमश: 4.9 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा के शेयर बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार में यूरप में 3.7 प्रतिशत की गिरावट हुई है। सऊदी अरब के शेयर बाजार में 4.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

भारतीय शेयर बाजार में मार्च में निफ्टी और सैंसेक्स में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है। इस दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडैक्स क्रमश: 8.4 प्रतिशत और 9.8 प्रतिशत का रिटर्न दे चुके हैं। अमरीकी फैडरल रिजर्व द्वारा यह संकेत दिए जाने के बाद कि वह 2025 में दो बार ब्याज दरें कम कर सकता है, निवेशकों के सैंटीमैंट में भी सुधार हुआ है। भारत में भी खुदरा महंगाई दर फरवरी में सात महीनों के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर रही, जोकि अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और इससे वृद्धि दर को बढ़ावा मिलेगा।

केआर मंगलम विश्वविद्यालय में जिला युवा संसद का सफल आयोजन

सवेरा न्यूज/कास.

नई दिल्ली, 24 मार्च : केआर मंगलम विश्वविद्यालय ने 22 से 23 मार्च को जिला युवा संसद का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत की ओर मार्गदर्शन रहा, जिसमें रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम के प्रतिभागियों को स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद चयनित किया गया। इस आयोजन में एनएसएस के प्रमुख अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर समन्वय किया। कार्यक्रम के लिए 200 छात्रों ने माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया, जिनमें से स्क्रीनिंग के बाद 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र आहुजा विवेक (पूर्व राज्य औषधि नियंत्रक, हरियाणा), टी.आर. केम (पूर्व बूजीसी सचिव), नवीन गुलिया और शिवम अरोड़ा शामिल थे। केआर मंगलम विश्वविद्यालय के एनएसएस छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जूरी सदस्यों ने 10 विजेताओं की घोषणा की। विजेताओं में पिंकी, तमन्ना दयाल, चरण सिंह, तुषार कालरा, अभिमन्यु यादव, प्रिय, तरुण शर्मा, विष्णु मिश्रा, सात्विक मुखर्जी और दमन सुनेजा शामिल थे।

बीएफएसआई सैक्टर ने बनाया भारत के कमर्शियल रियल एस्टेट लीजिंग में रिकॉर्ड

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 मार्च : वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के नेतृत्व में 2024 भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट में बैंकिंग, फाइनांशियल सर्विस और इंश्योरैंस (बीएफएसआई) सैक्टर के लिए एक अहम वर्ष रहा, जिसने 13.45 मिलियन वर्ग फुट लीज पर लिया, जो वार्षिक तौर पर लिए लीज स्पेस का 17.4 प्रतिशत हिस्सा है। जेएलएल की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बीएफएसआई सेगमैंट ने 2022-2024 की 3 साल की अवधि में 31 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस लीज पर लिया, जो 2016-2021 की पिछली 6 साल की अवधि में लीज पर दिए गए 29 मिलियन वर्ग फुट से भी ज्यादा है। पिछले 3 वर्षों में बीएफएसआई सैक्टर द्वारा लीज पर दिए स्पेस में ग्लोबल बीएफएसआई फर्मों की हिस्सेदारी 59.0% रही।

बीएफएसआई सैक्टर में वृद्धि के लिए भारत का मजबूत टैलेंट पूल, डिजिटलीकरण को बढ़ावा और उभोक्ता क्षमता अहम कारक रहे। जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. सामंतक दास ने बताया कि घरेलू फर्म भी पीछे नहीं रहीं, क्योंकि उन्होंने 2022-24 के बीच टॉप 7 शहरों में 12.7 मिलियन वर्ग फुट लीज पर लिया। भारत में वैश्विक फर्मों द्वारा लीजिंग गतिविधि में जीसीसी सैट-अप, नए और मौजूदा में कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी सबसे आगे रहे हैं। 2024 में जीसीसी लीजिंग में बीएफएसआई की हिस्सेदारी बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गई।

लोहा व इस्पात

नई दिल्ली (प्रति टन): जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 69200, (10 एमएम) 68000, (12 एमएम) 65600, (16-25 एमएम) 66800, कामधेनु पीएफ-10000 (पीस): (8 एमएम) 379, (10) 581, (12) 821, (16) 1460, (20 एमएम) 2282, (25 एमएम) 3563, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 69000, (10 एमएम)67200, (12 एमएम) 66300, (16-25 एमएम) 66200, (32 एमएम) 66600, अम्बा शक्ति-टूडकोर (8 एमएम) 68800, (10) 66700, (12) 66100, (16-25) 65200, (32) 66000, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 68700, (10) 65900, (12) 66300, (16-25) 67900, (28-32) 65600, बिरला (8 एमएम) 68600, (10 एमएम) 66500, (12 एमएम) 66200, (16-25 एमएम) 65300, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 68700, (10 एमएम) 67400, (12 एमएम) 66000, (16-25 एमएम) 64700, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 68000, (10 एमएम) 67400, (12 एमएम) 66100, (16-25 एमएम)66000, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50×5) 47000, केवीएस-एमएस (35×5) 49500, (40×5/6) 50000, (50×5) 50500, (50×6) 51000, (65×5/6) 51500, जयभारत: (50×5 से 75×10) 49000, अनमोल: 49000, बिरला 49000, बैनल- राना (जीएसटीअतिरिक्त) 48500, एमएस (स्क्वैयरस) (75×40) (100×50) 51000, जयभारत 49500, अनमोल 49500, बिरला 50500, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 50000, अनमोल 50000, टी-आयरन: राना 50500, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 40500, (साढ़े तीन इंच) 41500, (चार इंच) 42000, (पांच इंच) 42500, (छ: इंच) 42500, स्क्रैप: पुरानी 37000, मैल्टिंग स्क्रैप 38500, इंगट 42500, राउंड 49000

कल क्या होगा

नई दिल्ली (एनएमएस) बुधवार वैत्र बदी द्वादशी को जौ, जई, हैना, बारीक चावल, देशी बना, राजमा चित्रा, तुअर, मसूर, जीरा, लौंग, धनिया, अजवायन, कलौंजी, सौफ, बेलगिरी, छुआरा, गोला, काजू, अखरोट, सीवा, टिन में लाभ तवा गेहूं, लोबिया, पाम ऑयल, मूंग, मोठ, ग्वार, उड़द, काबुली चना, ग्वारगम, हल्दी, कालीमिर्च, गोंद, पिस्ता, जायफल, सौंठ, मगज तरबूज, दालवीनी, जावित्री, छोटी-बड़ी इलायची, कमरकस, पोस्तदाना, बारदाना, सरसों, सोयाबीन, बिनौला, सोना, कॉपर, पीतल, जस्ता, निकिल वांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्राविचार- दक्षिण दिशा की और 9.36 बजे प्रात: के बाद यात्रा शुभ होगी।

अलौह धातु

नई दिल्ली (एनएमएस) (किलो/जीएसटी अतिरिक्त): एटीमनी: वीन ×, कैडमियम: रॉड ×, मैक्सिको ×, लेट ×, तैड (सीसा): बैट्री स्क्रैप 108, बैट्री काला 90, देशी मुलायम 184/204, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 186/206, चार प्रतिशत 190/210, पी.वी.× गन मैटल स्क्रैप: लोकल 650, बिशस 660, जालंधर 670, स्टील बर्तन × ब्रास (पीतल): हनी 561/596, रेडिएटर देशी 407, रेडिएटर विदेशी 407, वाटरी देशी 546/578, पुर्जे स्क्रैप 526/561, टिन (रांग): इंगट मलेशिया ×, इंडोनेशिया 3100, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 284, एजेंड 266, आईजेड 287, आईजे 288, पीएचआई 240, ड्रास (ढीमा) 217, निकिल कैथोड: रशियन-(4×4) 1490, (8×8) 1500, (4×24) 1505, गार्वे (4×4) 1510, (4×24) 1515, कॉपर (तांबा): आस्चेयर प्लांट 819, भट्टी 817, सीसी 920, एल्यूमीनियम: सीजी इगट 262, डीट कॉप्ट 240, सायर स्क्रैप 245, बैन्क्वट 207, पुल्लिट 188, सैंड: लोकल 254, कम्पनी 282

लोहा बाजार

मंडी गोबिंदगढ़/खन्ना (सुबोध, मोहित): इंगट (कुल्की)-43800, मैलटिंग स्क्रैप- 36400, पुरानी स्क्रैप- 32400, ऐंगल- 41800, पत्तरा- 45900, गार्डर- 51400, प्रैस पत्ती- 44300, पाइप- 48000, राऊंड सरिया- 47800, सरिया (TMT) लोकल- 48900, सरिया (TMT ब्रांडेड ISI) के.ए.वाई. 2-55031, कामधेनु नैक्स्ट 55901 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

पंजाब की मंडियां

खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसबान (खाद्य)(प्रति प्याइट)145, राइसबान (अखाद्य) 143, खल सरसों 2180, डीओसी: राइसबान वैद स्क्रैप 800, लाल ×, कंटीन्यूअस 800, सरसों (टन) 16800, सूरजमुखी (टन) 16000, अनाज: गेहूं 2700/2750, आटा (50 किलो)1600, मैदा 1700, चोकर (45 किग्रा) 1180, चोकर (30 किग्रा) 750, मक्की एमडी नई 2460/2520

लुधियाना

दाल-दलहन: राजमां चित्रा 10200/11500, अरहर दाल 11000/12000, उड़द साबुत 9500/11200, उड़द धोया 10000/11500, छिलका 10000/11000, दाल मसूर 7500/8500, बनावल 7300/8500, एग्रो प्योर बैसन (35 किग्रा.)2650, काबली चना 7500/12700, मूंग साबुत 9000/9800, मूंग धोया 9800/9900, चावल : डीबी 7350/7450, शरबती स्टीम 5300/5400,चावल 1121 सेला 7700/7750, लालकिला 14000, तेल : बिनौला 12750, चावल तेल 10400, सरसों 13000, खल : सरसों 2450/2500, बिनौला 3425/3500, डीओसी: मूंगफली 33100, किराना : जीरा 20000/20600, धनिया 8650/12500, हल्दी 15600/17100, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 185/195

अमृतसर

चावल : बासमती (1121 नं.) स्टीम 7700/7800, सेला 7300/7400, शरबती सेला 4400/4500, शरबती स्टीम 5000/5200,चावल 1509 सेला नया 5600/5700, धान : शरबती 2250/2350, बासमती 1121 धान 4450/4600, धान (1509) नया 3000/3075, पैजार-11 नं. 4100/4150, देशी धना 8000/8300, चनादाल 8500/8600, गुड़ (बिक्री : लड्डू मंगलौर ×, देशी पंजाब 4525/4550, शक्कर देशी 4700/4750, बूरा खांड 4590/4600

संगरूर

गेहूं, 2725/2750 आटा (50 किलो) 1620/1640, मैदा (50 किलो) 1800/1810, सूजी (50 किलो) 1840/1850, चावल 1121 सेला 7000/7100, डीएम 7800/7900, शरबती चावल सेला 4100/4150, स्टीम 4400/4500, चावल परमल कच्चा 3300/3400, सेला 3100/3200, देशी धना छन्ना 6500/6600, दाल चना 6800/7200, उड़द छिलका 9000/11000, राजमा चित्रा देशी 9000/11000, वाईना 11000/11700, काबली चना 8000/10000, 8000/11000, राजमां चित्रा पुणे 9300/10900,बीन 11000/11500, शर्मिली 7800/8300, किराना : जीरा 22000/27800, धनिया 8500/12300, लालमिर्च मुंद्रा 341 नं. 17000/18000, तेजा 18000/23000, हल्दी ड्रांडेड गट्टा 14100/14600, निजामाबाद 14700/15400, मेवा (किलो) : काजू: (320 नं.) 1050/1085, (210 नं.) 1160/1185, (240 नं.) 1090/1110, (180 नं.) 1190/1210, मखाना 1300/1700, गोला 26500/29000

बठिंडा

रुई (प्रति मन): जै-34 पंजाब 5530/5540, हरियाणा 5490/5510, राजस्थान 5550/5570, बिनौला नया 3750/3900, नरमा कपास 7100/7250, खल (प्रति विवं.) बिनौला 3500/3550, सरसों खल 2600/2650, गेहूं चोकर (29 किलो) 630, (किलो 50) 1200

जालंधर

गेहूं दड़ा 2760/2770, चावल परमल कच्चा 3400/3500, सेला 3300/3400, मक्की बिहार ×, एमपी 2450/2500 दाल उड़द छिलका 10000/11800, चना देशी छन्ना 6600/6700, दाल चना 6800/7000, काबली चना

अंडा भाव (अमोल/मोहित)	₹370	प्रति सैकड़ा
राइस बान तथा/बरसाल (अमोल)	₹135	प्रति क्वाइंट

रूई बाजार

तपा मंडी (आरती/मोहित): कॉटन (रुई) 5600 रुपए प्रति मन, नरमा 7000 प्रति क्विंटल, खल बिनौला 3800 रुपए प्रति क्विंटल, खल सरसों 3450